प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- जयपुर में आयोजित एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वां क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम 'जयपुर घोषणा' पत्र को अपनाने के साथ सम्पन्न हुआ।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज से दो दिन के जोधपुर प्रवास पर रहेंगे–कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आज से शुरू।
- आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट का फाइनल मैच रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा।

000000

जयपुर में आयोजित एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वां क्षेत्रीय 3 आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से 'जयपुर घोषणा' पत्र को अपनाने के साथ सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय नीतियों, परिस्थितियों और क्षमताओं के अनुसार देशों को सांकेतिक रणनीति सुझाने के लिए एक मार्गदर्शन दस्तावेज तैयार किया गया है। जयपुर घोषणा के हिस्से के रूप में, वैश्विक गठबंधन सी–3 (सर्कुलरिटी के लिए शहरों का गठबंधन) के रूप में एक सहयोगी ज्ञान मंच पर भी सहमति बनी है। जयपुर घोषणा में विभिन्न अपशिष्ट धाराओं और उनमें से प्रत्येक के लिए सर्कुलर अर्थव्यवस्था लक्ष्यों के बारे में बताया गया है। यह संसाधन दक्षता और टिकाऊ सामग्री उपभोग के बारे में बताता है। घोषणा में अनौपचारिक क्षेत्र, लैंगिक मुद्दे और श्रम मुद्दों को भी शामिल किया गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने समापन भाषण में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जयपुर घोषणापत्र साझा प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह दशकीय घोषणापत्र बाध्यकारी नहीं है, लेकिन यह भारत देश और एशिया प्रशांत के सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को एक चक्रीय संक्रमण की ओर ले जाएगा।

आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि फोरम एक ऐतिहासिक क्षण रहा है। उन्होंने कहा कि आज के युग में 3आर (रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल) और सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फोरम में बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर मिले सुझावों पर सहमति बनी है।

-----

जयपुर में आयोजित इस तीन दिवसीय फोरम में एशिया प्रशांत क्षेत्र के 24 सदस्य देशों और लगभग 200 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

000000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज से दो दिन के जोधपुर प्रवास पर रहेंगे। वे दोपहर बाद मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद राज्यपाल स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री बागडे का कल जैसलमेर जाने का कार्यक्रम है।

000000

विधानसभा में आज चिकित्सा और स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। सदन में आज दो ध्यानाकार्षण प्रस्ताव रखे जायेंगे। इससे पहले कल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की 118 अरब 66 करोड़ 49 लाख 47 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित हुई। इसके अलावा जल संसाधन और इन्दिरा गांधी नहर परियोजना की 73 अरब 82 करोड़ 72 लाख 73 हजार रुपए की अनुदान मांगें भी ध्वनिमत से पारित की गई।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल बूंदी में सुपोषित माँ अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि यह अभियान मातृ शक्ति के सशक्तिकरण और गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए समर्पित है। श्री बिरला ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट भेंट कर अभियान की शुरुआत की। अभियान के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से वंचित परिवारों की 1800 से अधिक गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है, जिन्हें प्रसव होने तक प्रतिमाह निःशुल्क पोषण किट के साथ स्वास्थ्य जांच व परामर्श उपलब्ध करवाया जाएगा। कार्यक्रम में बूंदी और तालेड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में 17 करोड़ से ज्यादा लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी किया गया।

00000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई है। इस वर्ष परीक्षा में 19 लाख 98 हजार 509 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए हैं। परीक्षा का आयोजन 6 हजार 187 केंद्रों पर किया जा रहा है। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि इस साल 12वीं के लिए 8 लाख 89 हजार 709 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। वहीं 10वीं की परीक्षा में सबसे ज्यादा 10 लाख 16 हजार 963 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के सफल और पारदर्शी आयोजन के लिए शिक्षकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम आपसी समन्वय के साथ काम कर रही है।

-------

.0000

जैसलमेर में खाद्य सुरक्षा के तहत गेहूं लेने वाले अपात्र लोगों के लिए खाद्य विभाग के गिव–अप अभियान के तहत आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दी गई है। पहले यह समय सीमा 28 फरवरी तक थी। अपात्र लोग अभी स्वेच्छा से अपना नाम हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी राम सिंह मीणा ने बताया कि अब तक 804 परिवारों ने अपना नाम स्वेच्छा से हटवाया है।

------

.0000

सिरोही में नेशनल हाईवे–27 पर किवरली के पास आज तडके एक कार और ट्रॉले की टक्कर में छः लोगों की मृत्यु हो गई। इनमें एक परिवार के तीन लोग शामिल थे। कार में सवार ये सभी लोग जालोर के रहने वाले थे और अहमदाबाद से जालौर लौट रहे थे। हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 2 लोगों ने आबूरोड अस्पताल में दम तोड़ा। एक महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही रेफर किया गया है। उधर भरतपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर झीलरा गांव के पास हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ये हादसा तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर से हुआ।

000000

आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट का फाइनल मैच रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा। कल रात लाहौर में खेले गये दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 362 रन का स्कोर खड़ा किया। इस के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 312 रन पर ही सिमट गई। इससे पहले भारत ने दुबई में मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है।

00000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने घोषणा की है कि इस वर्ष खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे, इसमें विश्व के कई खिलाड़ी भाग लेंगे। यह खेलो इंडिया पैरागेम्स का दूसरा संस्करण होगा। इस दौरान लगभग एक हजार 230 पैरा एथलीट छह विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें पेरिस पैरालिंपिक 2024 और चीन के हांग्जो में आयोजित एशियाई पैरागेम्स 2022 के पदक विजेता भी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया पैरागेम्स, खेलो इंडिया मिशन का हिस्सा है, जो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को प्रदर्शितकरने का मंच प्रदान करता है।

00000